APR – 2026 (JAN – MAR) 2026)
Vol. SHQ-BSGUP -020

# BHARAT SCOUT & GUIDE UTTAR PRADESH

THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES
19th NATIONAL JAMBOREE
GRAND FINALE OF THE DIAMOND JUBILEE
Viksit Yuva-Viksit Bharat

# "तेजल"

## त्रैमासिक पत्रिका








State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! प्रादेशिक अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
पूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! प्रादेशिक मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

## संपादक मण्डल

❑ **संरक्षक**

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **मुख्य सम्पादक**

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सलाहकार**

**डॉ० राजेश मिश्रा**
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सम्पादक**

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **डिज़ाइन एवं तकनीक**

**अदनान हाशमी**
प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
**सूरज कुमार**
कार्यालय सहायक
**सम्भव श्रीवास्तव**
आई०टी० सहायक
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०


"The real way to gain happiness is to give it to others."

*- Lord Robert Baden-Powell*



## CONTENTS – अनुक्रमणिका


❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 3
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केन्द्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा - 11
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 12
❖ विज्ञापन - 23




## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**



**प्रिय साथियों,**

*भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की त्रैमासिक पत्रिका "तेजल" के जनवरी–फरवरी–मार्च 2026 अंक के प्रकाशन पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।*

यह अंक नववर्ष 2026 के प्रारंभिक तीन महीनों में संस्था द्वारा किए गए विविध रचनात्मक कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों का प्रेरणादायी प्रतिबिंब है। इस अवधि में संगठन ने सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व के अपने मूल सिद्धांतों को सशक्त करते हुए अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया है।

प्रदेश भर में स्काउट/गाइड, रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा सामाजिक सेवा, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। इन प्रयासों से न केवल समाज में सकारात्मक संदेश गया, बल्कि युवाओं में जिम्मेदारी, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का भी विकास हुआ है।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों, एडवेंचर गतिविधियों एवं कौशल विकास शिविरों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही, प्रादेशिक मुख्यालय एवं विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर आधुनिक संसाधनों के विकास से संगठन की कार्यक्षमता और अधिक प्रभावी बन रही है।

नववर्ष की इस शुरुआत के साथ हमारे संकल्प और भी दृढ़ हुए हैं। हमारा लक्ष्य है कि स्काउट/गाइड आन्दोलन को प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय एवं युवा तक पहुँचाया जाए, जिससे सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को और अधिक व्यापक बनाया जा सके।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग, समर्पण एवं सतत प्रयासों से वर्ष 2026 में हम नई उपलब्धियाँ प्राप्त करेंगे और संगठन को और अधिक ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।

अंत में, आप सभी से अपेक्षा है कि इसी उत्साह, निष्ठा एवं सेवा भावना के साथ आगे भी कार्य करते रहें।

आप सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।

(डॉ० प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

# प्रादेशिक कार्यक्रम

## गणतंत्र दिवस झाँकी/ परेड – 26 जनवरी 2026

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित भव्य परेड समारोह में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश ने अपनी आकर्षक एवं प्रेरणादायक झांकी के माध्यम से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर झांकी का नेतृत्व डॉ. महेंद्र सिंह (अध्यक्ष) एवं डॉ. प्रभात कुमार (प्रादेशिक मुख्यायुक्त) के कुशल निर्देशन में किया गया।इस वर्ष झांकी की थीम "विकसित युवा, विकसित भारत" पर आधारित रही, जो देश के उज्ज्वल भविष्य में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। झांकी में स्काउट और गाइड के सदस्यों ने सेवा, संस्कार और समर्पण के मूल्यों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। उनके अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया।झांकी में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, आपदा प्रबंधन, और समाज सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। युवा स्काउट्स और गाइड्स ने अपने कार्यों के माध्यम से यह संदेश दिया कि देश के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।यह भव्य प्रस्तुति माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिन्होंने झांकी की सराहना करते हुए भारत स्काउट और गाइड संगठन के प्रयासों को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियाँ युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों, अधिकारियों एवं दर्शकों ने झांकी की भूरी-भूरी प्रशंसा की। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की यह प्रस्तुति न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध थी, बल्कि सामाजिक संदेश देने में भी पूरी तरह सफल रही।अंततः, इस झांकी ने यह सिद्ध कर दिया कि जब युवा शक्ति सेवा, संस्कार और समर्पण के साथ आगे बढ़ती है, तो "विकसित भारत" का सपना अवश्य साकार होता है।





## "सड़क सुरक्षा संवाद" कार्यशाला

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 24–25 मार्च 2026 अवधि में आयोजित "सड़क सुरक्षा संवाद" कार्यशाला का शुभारंभ माननीय परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार की उपस्थिति में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश को सड़क सुरक्षा अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाते हुए प्रत्येक जनपद से मास्टर ट्रेनर तैयार करने पर जोर दिया गया।

कार्यशाला में युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने का संकल्प लिया गया। और पेंटिंग प्रतियोगिता में वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कृत भी किया गया।










## प्रादेशिक परिषद की बैठक– 14 फरवरी 2026

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में दिनांक 14 फरवरी 2026 को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, साउथ सिटी, लखनऊ में भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक परिषद बैठक एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान समारोह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह द्वारा की गई। अपने संबोधन में उन्होंने 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की ऐतिहासिक सफलता पर सभी पदाधिकारियों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए स्काउट-गाइड प्रशिक्षण गतिविधियों को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार द्वारा जम्बूरी की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म प्रस्तुत की गई तथा विभिन्न विभागों, मीडिया एवं सहयोगी संस्थाओं के योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, सहयोगी विद्यालयों, सर्वोत्तम जनपदों तथा बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता एवं कैडेट रैली के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही एल०टी०, ए०एल०टी० एवं एच०डब्ल्यू०बी० कोर्स पूर्ण करने वाले प्रशिक्षकों को पार्चमेंट एवं ऑनरेबल चार्ज प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्काउट-गाइड आंदोलन राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और सेवा भावना को सशक्त बनाने हेतु निरंतर अग्रसर है।



# सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था – आगरा
**श्रेणी "A" प्रथम पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था – मेरठ
**श्रेणी "A" द्वितीय पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था – गाजियाबाद
**श्रेणी "A" तृतीय पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था – वाराणसी
**श्रेणी "A" सांत्वना पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था – हापुड़
**श्रेणी "B" प्रथम पुरस्कार**



# सर्वोत्तम कैडेट रैली 2024 - 25

| संवर्ग | नाम | जनपद | परिणाम | पुरस्कार धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| स्काउट | यश शर्मा | आगरा | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | शशांक पाण्डेय | वाराणसी | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | शिवम सिंह कुशवाहा | मेरठ | तृतीय | Rs. 7,500 |
| गाइड | श्रेया | मेरठ | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | आकांशा | गाजीपुर | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | नेहा | बुलंदशहर | तृतीय | Rs. 7,500 |


















# BSG ज्ञान प्रतियोगिता

| संवर्ग | नाम | जनपद | परिणाम पुरस्कार | धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| कब | श्रेयांश | अम्बेडकरनगर | प्रथम | Rs. 5,000 |
| | अपूर्व सिंह | अम्बेडकरनगर | द्वितीय | Rs. 3,000 |
| | आदित्य प्रताप सिंह | अम्बेडकरनगर | तृतीय | Rs. 2,000 |
| | अंशुमान सिंह | प्रयागराज | सांत्वना | Rs. 1,000 |
| बुलबुल | आराध्या पटेल | अम्बेडकरनगर | प्रथम | Rs. 5,000 |
| | नवधा मेहरोत्रा | अम्बेडकरनगर | द्वितीय | Rs. 3,000 |
| | अरीबा फातिमा | अम्बेडकरनगर | तृतीय | Rs. 2,000 |
| | रेनू कुशवाहा | प्रयागराज | सांत्वना | Rs. 1,000 |
| स्काउट | हर्षित गुप्ता | अम्बेडकरनगर | प्रथम | Rs. 10,000 |
| | अनिरुद्ध वी कामथ | गाजियाबाद | द्वितीय | Rs. 7,000 |
| | अरशान | मेरठ | तृतीय | Rs. 5,000 |
| | शिवांक शुक्ला | लखीमपुरखीरी | सांत्वना | Rs. 2,000 |
| | प्रखर त्रिवेदी | उन्नाव | सांत्वना | Rs. 2,000 |
| गाइड | आर्या उपाध्याय | अम्बेडकरनगर | प्रथम | Rs. 10,000 |
| | रिया चंद्रा | गोरखपुर | द्वितीय | Rs. 7,000 |
| | अंकिता | बलिया | तृतीय | Rs. 5,000 |
| रोवर | सिराज अहमद | गोरखपुर | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | प्रिंस मौर्या | आजमगढ़ | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | हरप्रीत कंकर्वार | शामली | तृतीय | Rs. 7,000 |
| रेन्जर | कु० अंशु यादव | मेरठ | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | जया सिंह | वाराणसी | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | मेघा ठाकुर | रामपुर | तृतीय | Rs. 7,000 |
| | काजल देवी | चित्रकूट | सांत्वना | Rs. 2,000 |

# आनरेबुल चार्ज एवं पार्चमेंट वितरण



## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि

दिनांक 30 जनवरी 2026 को शहीद स्मारक स्थल, लखनऊ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बापू जी के प्रिय भजन राम धुन एवं कीर्तन संध्या के साथ माननीय उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री एवं उप संरक्षक भारत स्काउट एवं गाइड, उ०प्र० श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।गोमती नदी के तट पर दीपदान के माध्यम से वीर शहीदों को नमन किया गया। वहीं, उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर एवं लीडर्स द्वारा शहीद स्मारक परिसर में जगह-जगह दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मुख्यालय से संयुक्त सचिव श्रीमती देवकी शोभित, प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (गाइड) सुश्री रविंदर कौर सोखी एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (लखनऊ मंडल) श्रीमती पूनम संधू की गरिमामयी उपस्थिति रही। बापू के आदर्श और शहीदों का बलिदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा।




## प्रादेशिक कार्यकारिणी बैठक

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में दिनांक 11 मार्च 2026 को प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशन में प्रादेशिक कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर प्रादेशिक आयुक्त स्काउट/गाइड, प्रादेशिक कोषाध्यक्ष, प्रादेशिक सचिव सहित कार्यकारिणी समिति के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे और संगठन के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक का उद्देश्य संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना तथा स्काउटिंग-गाइडिंग के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा।



## प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी ,बालोद छत्तीसगढ़

*** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश ने प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी,बालोद छत्तीसगढ़ में किया शानदार प्रदर्शन तथा रोवर रेंजर ने लहराया परचम***

छत्तीसगढ़ में दिनाँक 9 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के निर्देशन और कुशल नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्टता का परिचय प्रदान कर ग्रेड अर्जित किया तथा रेंजर संवर्ग ने *नेशनल कमिश्नर गाइड* अवॉर्ड प्राप्त किया।

*प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम की प्रमुख उपलब्धियाँ:*

1. स्टेट प्रदर्शनी "A"
2. कैंप फायर "A"
3. एथेनिक फैशन शो "A"
4. पायनियरिंग प्रोजेक्ट "A"GW
5. पायनियरिंग प्रोजेक्ट "B" SW
6. कैंप क्राफ्ट "A" GW
7. कैंप क्राफ्ट "B" SW
8.स्टेट गेट "A" GW
9. स्टेट गेट "B" SW
10. कलर पार्टी "B"
11.मार्च पास्ट "A" SW
12.मार्च पास्ट "B" GW
13. Folk डांस "B"
14. बैंड "B"
15. Backwoods Cooking "B"




यह शानदार प्रदर्शन उत्तर प्रदेश टीम के अनुशासन, मेहनत और कुशल नेतृत्व का प्रमाण है इस कार्यक्रम में प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री रविंद्र कौर सौखी,प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट श्री नौशाद अली सिद्दीकी,सहा. प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा, सहा. प्रादेशिक संगठन आयुक्त देवीपाटन मण्डल श्री राकेश सैनी,सहा. प्रादेशिक संगठन आयुक्त विंध्याचल मण्डल श्री राजेश प्रजापति,सहा. प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ मण्डल श्री अमित कुमार,सहा. प्रादेशिक संगठन आयुक्त अलीगढ मंडल श्रीमती कविता पाण्डेय,सहा. प्रादेशिक संगठन आयुक्त आगरा मण्डल सुश्री प्रीती तथा आई0 टी0 टीम के सदस्य श्री सूरज कुमार,श्री शिवम कुमार, श्री सचिन कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

*सभी को बहुत- बधाई!!!*



## 11th State Adventure Program

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केन्द्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा उत्तराखण्ड में डॉ० प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय के नेतृत्व में एडवेंचर कार्यक्रम दिनांक 22 से 26 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया| जिसमें विभिन्न जनपदों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |



## 12th State Adventure Program

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केन्द्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा उत्तराखण्ड में डॉ० प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय के नेतृत्व में एडवेंचर कार्यक्रम दिनांक 26 से 30 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया| जिसमें विभिन्न जनपदों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |



# जनपदीय कार्यक्रम

## आजमगढ़ मण्डल

### जनपद – आजमगढ़





22 फरवरी 2026 को चिंतन दिवस के शुभ अवसर पर जनपद आजमगढ़ की जिला संस्था के स्काउट भवन में नवीन कार्यालय का उद्घाटन डॉ० प्रभात कुमार, मा० प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश के विशेष आशीर्वाद तथा जिलाधिकारी आजमगढ़ के संरक्षण में आदरणीय संयुक्त शिक्षा निदेशक मंडल आजमगढ़ श्री नवल किशोर जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ, जिसके उपरांत मुख्य अतिथि ने फीता काटकर भवन में प्रवेश कर कार्यालय एवं नवीन सभागार का उद्घाटन किया। तत्पश्चात चिंतन दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला संस्था आजमगढ़ की कार्यकारिणी के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। |

### जनपद – बलिया






भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जनपद बलिया ने शहर के कम्पोजिट विद्यालय तहसीली स्कूल में लार्ड बेडेन पावेल एवं उनकी पत्नी लेडी ओलेव बेडेन पावेल के जन्मदिवस "विश्व चिंतन दिवस" को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं केक काटकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संस्था के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की उपस्थिति में स्काउटिंग के विकास एवं उन्नयन पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर अरविंद कुमार सिंह, जिला सचिव राजेश कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त निर्भय नारायण सिंह, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) सरिता कुमारी, काउंसलर उपेन्द्र नारायण सिंह, कुसुम वर्मा, कृष्णा, विकास, अवनीश आदि उपस्थित रहे।

### जनपद – मऊ







भारत स्काउट और गाइड जनपद संस्था मऊ द्वारा रामस्वरूप भारती इंटर कॉलेज मऊ में स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी ओलेव बेडेन पावेल के जन्मदिवस पर चिंतन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त मऊ देव भास्कर तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, सेवा भाव आदि गुणों को जीवन में अंगीकार करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में राजेश कुमार यादव जिला संगठन आयुक्त, अखिलेश कुमार चौहान जिला प्रशिक्षण आयुक्त, दिनेश कुमार जिला सचिव, राजेश कुमार तिवारी आचार्य सहित स्काउट एवं गाइड उपस्थित रहे।

# जनपदीय कार्यक्रम

## आगरा मण्डल

### जनपद – मैनपुरी







दिनांक 22 फरवरी को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला मैनपुरी में स्काउटिंग के संस्थापक  लॉर्ड बेडेन पावेल और उनकी पत्नी लेडी बेडेन पावेल का जन्मदिवस चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया | जिसमें संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री हर प्रसाद यादव एवं पूर्व जिला मुख्यायुक्त डॉ० ए० के० सिंह राठौर एवं जिला सचिव डॉ दिनेश कुमार अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जनपद – आगरा




भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश जनपद आगरा की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यायुक्त डॉ० अनिल वशिष्ठ की अध्यक्षता में एम०डी० जैन इंटर कॉलेज, हरीपर्वत के सभागार में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया, तत्पश्चात स्काउट-गाइड प्रार्थना कराई गई। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत स्कार्फ पहनाकर किया गया। बैठक का संचालन जिला सचिव श्रीमती रेनू भारद्वाज द्वारा किया गया। पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा पंजीकरण एवं नवीनीकरण, 10 प्रतिशत अंशदान, प्रगतिशील प्रशिक्षण, इंट्रोडक्टरी कोर्स सहित विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला मुख्यायुक्त डॉ० अनिल वशिष्ठ ने प्रदेश द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु सभी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कुमारी प्रीति ने स्पेशल कोर्स एवं एडवेंचर कोर्स के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। जिला संगठन आयुक्त महेश कुमार सैनी एवं कुसुम वर्मा ने कहा कि वे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत हैं। जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) लाखन सिंह ने बैठक में वयस्क प्रशिक्षण एवं यूथ प्रोग्राम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वे अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास कर रहे हैं। कार्यकारिणी की इस बैठक में जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स जी०एल० जैन एवं डॉ० ममता शर्मा, जिला आयुक्त स्काउट एवं गाइड डॉ० अतुल जैन एवं श्रीमती मीरा दुबे, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती चारु पटेल, जिला आयुक्त बुलबुल श्रीमती सोनिका चौहान, सहायक जिला आयुक्त स्काउट पंकज शर्मा, जिला आयुक्त मुख्यालय (गाइड) डॉ० शमा गुप्ता, एल०टी० कमल सिंह, संयुक्त जिला सचिव गणतंत्र जैन, सुधीर जैन, वी०एस० लवानिया (एल०टी०) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में जिला स्काउट आयुक्त डॉ० अतुल कुमार जैन द्वारा बैठक में उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### जनपद – मथुरा





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जनपद मथुरा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना तथा लोकतंत्र की मजबूती में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपस्थित सभी प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदारीपूर्वक मतदान करने का संकल्प लिया। साथ ही समाज के अन्य नागरिकों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

# जनपदीय कार्यक्रम

## लखनऊ मण्डल

### जनपद – लखनऊ



लखनऊ। भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ में 21 से 27 फरवरी 2026 तक बेसिक स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स आयोजित किया गया। स्कीम ऑफ ट्रेनिंग के अंतर्गत कोर्स के संचालन हेतु प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा स्काउट वर्ग के लिए लीडर ऑफ द कोर्स श्री सुरेंद्र यादव तथा गाइड वर्ग के लिए लीडर ऑफ द कोर्स श्रीमती शशि प्रभा को नियुक्त किया गया है। वहीं अंजना भारती एवं राजू श्रीवास्तव को सहायक के रूप में कार्य किया |

कोर्स में 40 गाइड कैप्टन एवं 18 स्काउट मास्टर सहित कुल 58 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ हुआ। टोली विभाजन के पश्चात प्रतिभागियों को कोर्स फंडामेंटल, उद्देश्य, सिद्धांत, झंडा गीत, प्रार्थना, नियम-प्रतिज्ञा, शिविर के नियम, रोटा चार्ट तथा लार्ड बेडेन पावेल के जीवन एवं विचारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण शिविर में स्काउटिंग-गाइडिंग की मूल अवधारणाओं एवं नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है।

### जनपद – हरदोई







हरदोई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर जनपद हरदोई में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था द्वारा ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने सहभागिता करते हुए आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में भारत स्काउट और गाइड के स्काउट, गाइड, रोवर्स एवं रेंजर्स के साथ-साथ नागरिक सुरक्षा विभाग, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, मेडिकल विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में आयोजित मॉक ड्रिल के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न टीमों ने ब्लैकआउट की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का प्रभावी अभ्यास प्रस्तुत किया, जिसकी अधिकारियों एवं आमजन द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को आपदा के समय सतर्क एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना था। मॉक ड्रिल का प्रदर्शन अत्यंत प्रभावशाली एवं सराहनीय रहा।

### जनपद – लखीमपुर खीरी



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार के निर्देशन में उत्तर प्रदेश के चयनित जनपदों में शामिल जनपद लखीमपुर में युवा आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले रोवर-रेंजर्स को 21 फरवरी 2026 को प्रातः बस द्वारा लखीमपुर के जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर प्रशिक्षित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र एवं तीन वर्ष की बीमा पॉलिसी के प्रमाण-पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड के युवा समाज सेवा से लेकर राष्ट्र सेवा तक के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि आपदा राहत एवं बचाव कार्यों में जनसामान्य को सहयोग प्रदान करने में भारत स्काउट और गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा इस संस्था का योगदान भविष्य में और अधिक प्रभावी सिद्ध होगा।

# जनपदीय कार्यक्रम

## मेरठ मण्डल

### जनपद – मेरठ





मेरठ। दिनांक 24 जनवरी 2026 को स्काउट भवन, मेरठ में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 11 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों ने सहभागिता की। सर्वप्रथम ध्वज शिष्टाचार संपन्न कराया गया, जिसके उपरांत सभी स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर को संबोधित करते हुए प्यारेलाल शर्मा जिला चिकित्सालय, मेरठ से आमंत्रित डॉ. विनीता शर्मा ने बालिका पोषण पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं डॉ. विभा नागर ने मानसिक स्वास्थ्य, किशोरावस्था में होने वाले बदलावों एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर डॉ. अंशु श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष मेरठ ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया तथा जिला संस्था मेरठ की ओर से उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री सोमेंद्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती पूनम रानी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती ज्योति शर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री सोनू कुमार, श्री संजय कुमार तथा विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए अध्यापकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### जनपद – बागपत






भारत स्काउट और गाइड जनपद बागपत के स्काउट्स ने जिला अधिकारी कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर स्काउट्स ने बैंड की धुन के साथ जिलाधिकारी श्रीमती अस्मिता लाल का स्वागत किया तथा मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान स्काउट्स ने लोक मंच की व्यवस्थाओं में भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। उनके अनुशासित एवं सराहनीय योगदान की जिलाधिकारी श्रीमती अस्मिता लाल एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई।

### जनपद – हापुड़







नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, हापुड़ में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट-गाइड्स द्वारा योग, मीनार प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मुख्यायुक्त श्रीमती पारुल त्यागी द्वारा नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान सभागार जय हिंद के नारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में चौधरी ताराचंद जनता इंटर कॉलेज, रामनिवास स्मारक बालिका इंटर कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, श्री सरस्वती विद्यालय इंटर कॉलेज, श्रीमती ब्रह्मा देवी सरस्वती बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डॉ. मयंक पब्लिक स्कूल तथा गांधी पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के स्काउट-गाइड्स ने प्रतिभाग किया। श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, श्रीमती ब्रह्मा देवी बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं संजय गांधी पब्लिक स्कूल के स्काउट-गाइड्स द्वारा योग, लोक नृत्य एवं मीनार प्रदर्शन जैसे आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर श्री भारत भूषण वत्स, श्रीमती रेखा सैनी एवं श्री राजकुमार तोमर को स्काउटिंग में उत्कृष्ट योगदान के लिए शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त श्री प्रकाश शर्मा ने किया। सहायक आयुक्त (गाइड) श्रीमती नीति शर्मा, मुख्यालय आयुक्त श्री भारत भूषण वत्स एवं पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त रविंद्र कुमार शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# जनपदीय कार्यक्रम

## जनपद – गौतमबुद्ध नगर






भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश द्वारा जिला मुख्यालय सेक्टर-91, नोएडा में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह नर नारायण न्यास के धन एवं साधन-विहीन घुमंतू मजदूरों के बच्चों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रीय पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर नर नारायण न्यास के अध्यक्ष श्री अग्रवाल, जिनकी आयु लगभग 90 वर्ष है, ने आपातकालीन परिस्थितियों में भारत स्काउट और गाइड द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने अपने न्यास के बच्चों को स्काउट एवं गाइड आंदोलन से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि यह संस्था बच्चों में अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती है।

## जनपद – गाज़ियाबाद






जनपद गाजियाबाद की दामिनी स्काउट ट्रूप के बच्चों ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को पूरे जोश, उत्साह एवं देशभक्ति के साथ धूमधाम से मनाया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य कार्यक्रम सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर बच्चों ने एकता, अनुशासन एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम ने यह संदेश भी दिया कि बचपन से ही देशभक्ति एवं संस्कारों का विकास एक सशक्त एवं श्रेष्ठ भारत के निर्माण की आधारशिला है। गणतंत्र दिवस समारोह में सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया। अंत में दामिनी स्काउट ट्रूप के सभी बच्चों को इस प्रेरणादायक एवं सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## जनपद – बुलंदशहर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बुलंदशहर में वर्ष 2026 की प्रथम तिमाही के दौरान स्काउटिंग एवं गाइडिंग गतिविधियों का संचालन सुव्यवस्थित, उत्तरदायित्वपूर्ण एवं परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ किया गया। इस अवधि में स्काउट एवं गाइड सदस्यों ने परेड, ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा एवं अनुशासन का परिचय दिया। नियमित प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्काउटिंग की आधारभूत एवं उन्नत दक्षताओं, जैसे प्राथमिक उपचार, गांठें, पायनियरिंग एवं आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जनपद में स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों को विशेष प्राथमिकता दी गई। स्काउट-गाइड सदस्यों द्वारा "प्लास्टिक मुक्त अभियान" एवं "जल संरक्षण" विषयों पर रैलियों का आयोजन किया गया तथा सार्वजनिक स्थलों की सफाई एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया। इन गतिविधियों में स्थानीय समुदाय की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जो संगठन की प्रभावशीलता एवं जनविश्वास को दर्शाती है। प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों से परिचित कराया गया, जिससे उनमें अनुशासन, समय प्रबंधन एवं टीम वर्क की भावना विकसित हुई। प्रत्येक गतिविधि का समयबद्ध क्रियान्वयन, सहभागिता का अभिलेखीकरण तथा परिणामों का मूल्यांकन सुनिश्चित किया गया, जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता में निरंतर वृद्धि हुई। आगामी तिमाही में और अधिक व्यापक, नवाचारपूर्ण एवं प्रभावी कार्यक्रमों के संचालन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए जनपद बुलंदशहर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है






# जनपदीय कार्यक्रम

## प्रयागराज मण्डल

### जनपद – प्रयागराज



भारत स्काउट्स और गाइड्स, जनपद प्रयागराज के तत्वावधान में संचालित माघ मेला सेवा शिविर द्वारा शाही स्नान एवं बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सेवा, स्वेच्छा, समर्पण एवं त्याग की भावना से ओत-प्रोत होकर प्रशासन को सहयोग प्रदान किया गया। संस्था के स्काउट मास्टर एवं स्काउट्स ने भीड़ नियंत्रण तथा भूले-भटके श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुबह से ही स्काउट्स विभिन्न सेवा कार्यों में मुस्तैदी के साथ डटे रहे। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा नियुक्त अधिकारियों एवं पदाधिकारियों ने स्काउट्स की कार्यशैली एवं सेवा भावना की सराहना की तथा सहयोग के लिए स्काउट्स टीम को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया।

### जनपद – कौशाम्बी



दिनांक 01 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत निर्मित कॉमन इनक्यूबेशन सेंटर (कॉमन उद्भवन केंद्र), मंझनपुर, कौशाम्बी के उद्घाटन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड, जनपद कौशाम्बी के प्रतिभागियों द्वारा कलर पार्टी एवं बैंड टीम के साथ माननीय उप मुख्यमंत्री जी का स्वागतपूर्वक रिसीव किया गया। तत्पश्चात गाइड प्रतिभागियों द्वारा तिलक लगाकर उनका पारंपरिक एवं सम्मानपूर्ण स्वागत किया गया, जिसने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय के साथ जिलाधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी (मंझनपुर), जिला खेल सचिव, जिला संगठन कमिश्नर सहित भारत स्काउट एवं गाइड के अनेक प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस आयोजन ने न केवल सरकारी योजना के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि स्काउट-गाइड के अनुशासन, सेवा भावना एवं सांस्कृतिक परंपराओं को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया।

### जनपद – फतेहपुर



जनपद फतेहपुर में सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ब्लैकआउट एवं मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान संभावित आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न अभ्यास कराए गए। ब्लैकआउट की स्थिति में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों, बचाव कार्यों एवं राहत उपायों का प्रदर्शन किया गया। स्काउट-गाइड एवं एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, तत्परता एवं टीम भावना का परिचय देते हुए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को आपदा के समय संयम बनाए रखने, त्वरित निर्णय लेने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मॉक ड्रिल कार्यक्रम आमजन में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा इस प्रकार के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने पर बल दिया गया।

# जनपदीय कार्यक्रम

## बस्ती मण्डल

### जनपद – संतकबीर नगर






जनपद संत कबीर नगर में यातायात समापन दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड के प्रतिभागियों को यातायात निरीक्षक द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान स्काउट-गाइड के बच्चों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ सहभागिता की। इसके उपरांत यातायात निरीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। स्काउट-गाइड के बच्चों ने रैली के माध्यम से "सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा" का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण एवं स्काउट-गाइड के प्रतिभागी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जनपद – सिद्धार्थ नगर







25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाएं जाने के उपलक्ष्य में सिद्धार्थ नगर जनपद के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसौनी में प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | जिसका नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाचार्य विभा चतुर्वेदी एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट अमित कुमार शुक्ल ने किया

### जनपद – बस्ती







भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद बस्ती में चिंतन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड सदस्यों ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ सहभागिता करते हुए स्काउटिंग के मूल्यों—सेवा, समर्पण एवं भाईचारे—को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं स्काउट-गाइड प्रार्थना के साथ किया गया। इसके उपरांत विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें देशभक्ति गीत, समूह गान, नाटक एवं विचार-विमर्श प्रमुख रहे। प्रतिभागियों ने लॉर्ड बैडन-पॉवेल के आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्काउट एवं गाइड सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम ने सभी प्रतिभागियों में सेवा, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

## जनपदीय कार्यक्रम

### मिर्ज़ापुर मण्डल

#### जनपद – भदोही







भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित 19वीं नेशनल जम्बूरी में प्रतिभाग करने वाले जनपद भदोही के स्काउट एवं गाइड प्रतिभागियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्काउट-गाइड प्रार्थना के साथ किया गया। इस अवसर पर जम्बूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में सहभागिता से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। कार्यक्रम में जिला संस्था के पदाधिकारियों, स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन तथा अभिभावकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

#### जनपद – मिर्ज़ापुर

भारत स्काउट और गाइड मिर्जापुर के चैत्र नवरात्र मेला शिविर स्काउट/गाइड, रोवर/रेन्जर द्वारा सेवा कार्य किया गया इस अवसर स्काउट के बच्चों के साथ जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री मुकेश कुमार सिंह,जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री कुलदीप कुमार शुक्ला, पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री राघवेंद्र कुमार शुक्ला, मेला प्रभारी श्री अखिलेश्वरपति त्रिपाठी, ट्रेनिंग काउंसलर प्रदीप कुमार मौर्य, संगठनकर्ता रामराज, स्काउटर सर्वेश कुमार सिंह राजेश कुमार सिंह सुरेंद्र बहादुर सिंह अशोक कुमार पांडे इत्यादि लोग उपस्थित रहे





### चित्रकूट मण्डल

#### जनपद – चित्रकूट





राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद चित्रकूट में स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन मतदाता जागरूकता बढ़ाने एवं युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर द्वारा रैली निकालकर आमजन को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां लेकर "मतदान अवश्य करें" का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। स्काउट-गाइड ने अनुशासन एवं सेवा भावना का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिला प्रशासन एवं स्काउट-गाइड पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है।

# जनपदीय कार्यक्रम

## देवीपाटन मण्डल

### जनपद – गोंडा





दिनांक 25.01.2026 को भारत स्काउट और गाइड जनपद गोण्डा की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्य आयुक्त व जिला विद्यालय निरीक्षक गोण्डा श्री रामचंद्र जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ बैठक का प्रारंभ प्रार्थना व स्वपरिचय से हुआ जिला सचिव डॉ० राजेश द्विवेदी ने बैठक का संचालन करते हुए गत वर्ष की आख्या प्रस्तुत किया | सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त देवीपाटन मंडल राकेश सैनी ने प्रदेश द्वारा दिए गए लक्षण के सफीक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा जनपदीय कार्यालय के संबंध में चर्चा किया। बैठक का मूल उद्देश्य जनपद में स्काउट गाइड गतिविधियों को तेजी से बढ़ाना विद्यालय में यूनिट का गठन करना बच्चों को प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान का प्रशिक्षण करना तथा बच्चों को राज्य पुरस्कार की ओर अग्रसर करना |

### जनपद – बहराइच

जनपद बहराइच में दिनांक 29 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन रोवर लीडर रेंजर लीडर कोर्स आजाद इंटर कॉलेज बहराइच में सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त राकेश सैनी के देखरेख में संपन्न कराया गया कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्य आयुक्त व जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सर्वानंद जी भी निरीक्षण किया एवं प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया प्रशिक्षण शिवपुरी के संपन्न कराने में जिला स्काउट कमिश्नर, जिला गाइड कमिश्नर, जिला कोषाध्यक्ष, जिला सचिव डॉ राजेश सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त, जिला संगठन आयुक्त, प्रदेश द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक उषा कुशवाहा, कामाख्या पाठक, बेबी खुशनुमा, ईमान मूल हक, विशाल कुमार,सुधा, कुसुम वर्मा आदि ने सकुशल शिविर को संपन्न कराने में योगदान दिए किया |





## कानपुर मण्डल

### जनपद – कानपूर नगर






राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कानपुर नगर के स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी जिम्मेदारी एवं समर्पण का परिचय दिया। स्काउट-गाइड के बच्चों ने देश एवं समाज के महत्वपूर्ण कार्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए शासन, प्रशासन एवं जनमानस के बीच सम्मान अर्जित किया, जो संस्था के पदाधिकारियों की मंशा को साकार करता है। इस अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित किया। बच्चों ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में श्री रामलला स्कूल, रावतपुर के प्रधानाचार्य एवं सहायक आयुक्त (स्काउट) अनुज कुमार सिंह, स्काउट प्रभारी रविन्द्र यादव तथा बी.पी.एम.जी. स्कूल, मंधना की प्रधानाचार्या एवं सहायक आयुक्त (गाइड) अंजू कनौजिया एवं स्काउट प्रभारी महेंद्र कुमार के नेतृत्व में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि स्काउट-गाइड के युवा देशहित एवं समाज सेवा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

# जनपदीय कार्यक्रम

## सहारनपुर मण्डल

### जनपद – सहारनपुर



दिनांक 05/02/2026 को मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज, सहारनपुर में आयोजित 5 दिवसीय निपुण रेंजर शिविर का समापन समारोह अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.अनुपम बंसल ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में शिविर में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को उनकी सक्रिय सहभागिता, अनुशासन और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई दी। प्राचार्या ने छात्राओं को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ राष्ट्र सेवा, समाज कल्याण एवं व्यक्तिगत विकास के कार्यों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर प्रशिक्षक जिला संगठन कमिश्नर श्रीमती ऊषा तोमर ने इस पांच दिवसीय रेंजर शिविर में छात्रों को ट्रेनिंग दी। उन्होंने छात्राओं को टेंट, पुल, टावर एवं आपदा में जीवन जीने की कलाएं सिखाई। रेंजर प्रभारी असि. प्रो.ज्योति यादव एवं असि. प्रो. शिखा सिंह ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने शिविर के दौरान सीखे गए कौशल, जैसे — टीमवर्क, नेतृत्व, आपदा प्रबंधन एवं स्वच्छता के महत्व को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं के अनुभव साझा किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जनपद – मुज़फ्फरनगर

मुजफ्फरनगर। भारत स्काउट एंड गाइड जिला संस्था, मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में चिंतन दिवस के अवसर पर वैदिक पुत्री पाठशाला कन्या इंटर कॉलेज, नई मंडी में प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला मुख्य आयुक्त डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला एवं सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त अमित कुमार सहित जिला संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्काउट-गाइड्स द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण विषय पर विचार प्रस्तुत किए गए। साथ ही लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल को माल्यार्पण कर जनरल सलामी दी गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में सामाजिक सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व विकास में स्काउट-गाइड आंदोलन की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला प्रशिक्षक पिंकू, नैना, शिवानी एवं आर्यन सहित सभी सदस्यों का सहयोग रहा।





## बरेली मण्डल

### जनपद – पीलीभीत



दिनाँक 23 जनवरी 2026 को नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल व ब्लैक आउट का स्वयं सेवक को प्रशिक्षक दिया गया। शहर के ड्रमड राजकीय इंटर कालेज पीलीभीत मे शाम 6 बजे से जिला प्रशासन द्वारा किसी हवाई हमले या कोई प्राकृतिक आपदा मे जनमानस को सुरक्षित स्थानों तक कैसे पहुंचना है इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें जिलाधिकारी /अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट/ जिला मुख्यायुक्त विजय वर्धन तोमर जी के मार्गदर्शन में जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे के नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश पीलीभीत के स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया।स्काउट गाइड ने किसी भी आपदा मे अपनी सेवायें सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षक जिला प्रशासन,जिला पुलिस, अग्निशमन पुलिस सशस्त्र सीमा बल व स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया गया।

# जनपदीय कार्यक्रम

## मुरादाबाद मण्डल

### जनपद – अमरोहा



जनपद अमरोहा में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में, जिला संगठन आयुक्त श्री अजय कुमार के कुशल निर्देशन में, स्काउट एवं गाइड द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जनजागरूकता हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

### जनपद – रामपुर

जनपद रामपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर रैली में सहयोग करते हुए स्काउट गाइड एवं जिलाधिकारी द्वारा जिला मुख्य आयुक्त श्री बलराम सिंह एवं जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी गुरुजी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया




## अयोध्या मण्डल

### जनपद – अमेठी





भारत स्काउट/गाइड उ०प्र०, अमेठी के बच्चों ने किया शानदार परेड रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उ०प्र० सरकार श्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह जी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। विभिन्न विद्यालयों से आये स्काउट/गाइड के बच्चों ने पुलिस वालों के साथ शानदार परेड किया | स्काउटिंग टीम का नेतृत्व कर रहीं गाइड उमरा बानो को मुख्य अतिथि श्री मयंकेश्वर शरण सिंह, श्री संजय चौहान जिलाधिकारी व श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक महोदया के हाथों से सम्मानित किया गया। मो० शकील खान जिला ट्रेनिंग काउंसलर 'नगर' के मार्गदर्शन में परेड में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों के स्काउट/गाइड को डॉ० राजेश कुमार द्विवेदी डीआईओएस/जिला मुख्यायुक्त, जिला आयुक्त मान सिंह, रामप्रकाश सिंह जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त, जिला प्रशिक्षण आयुक्त व देवमणि उपाध्याय सीबीएसई नोडल अधिकारी (स्काउटिंग) महोदय ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## अलीगढ मण्डल

### जनपद – एटा

जनता इंटर कॉलेज कैल्ठा अलीगंज एटा में 26/02/2026 तक पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड का तृतीय सोपान का प्रशिक्षण शिविर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में मुख्य प्रशिक्षक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री सुमन प्रकाश श्रीवास्तव स्काउट मास्टर प्रीतम सिंह सुनील कुमार सुभाष कुमार सचिन कुमार स्काउट गाइड कैप्टन स्वाति गुप्ता की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया |






STAC
STATE TRAINING & ADVENTURE CENTRE, BSG, U.P.
प्रादेशिक
एडवेंचर
कार्यक्रम
जल्दी करें
सिमित सीटें
अधिक जानकारी के लिए
Visit Here - www.bsgup.org
SCAN ME
@bsgup.org @bsgup_official @bsgup @bsgup_official www.bsgup.org

# Glimpses of activities




## OUR SOCIAL ACCOUNTS




This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….

Please Visit & Share Our Website

**www.bsgup.org**



Like our FB Page
facebook.com/bsgup.org



Tweets @ BSGUP
x.com/bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup official




Share & Subscribe our Youtube Channel
BSGUP Official

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**
State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
Email : upscoutsguides@yahoo.com
For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,